कार्यालय जिला पंचायत कोरिया, बैकुण्ठपुर (छत्तीसगढ़)

Phone No. 07836- 232885, Fax No. – 07836-234233, Email ID – zp-koriya.cg@nic.in, Website:www. Korea.gov.in

क्रमांक / 1207 / जि.प. / उ.सं.पंचा. / ग्रा.पं.स.भर्ती / 2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 27 / 11 / 2026

–:: विज्ञापन ::–

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक / 3640(A) / पंग्राविवि / 22 / 2008, दिनांक 29 अगस्त 2008 द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों की सेवा शर्त हेतु जारी मागदर्शिका, छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक / ESTB/16397/2025/22-1 नवा रायपुर, दिनांक 18.05.2026 द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों की सेवा भर्ती हेतु जारी संशोधित मार्गदर्शिका एवं शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के प्रावधान अनुसार तथा पंचायत संचालनालय, छ.ग. के पत्र क्रमांक / पंचा. ESTB-1/1005/2026-DIR नवा रायपुर, दिनांक 07.09.2026 के परिपालन में जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर अंतर्गत **ग्राम पंचायत सचिवों** के रिक्त पदों के पूर्ति हेतु निर्धारित अर्हता एवं योग्यता रखने वाले मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के स्थाई मूल निवासियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 01.12.2026 से 16.12.2026 सायं 05:00 बजे तक **कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया** के पते पर आमंत्रित किये जाते हैं। व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये एवं नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	जिला का नाम	पदनाम	वेतन + ग्रेड पे	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.वर्ग
1	मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर	ग्राम पंचायत सचिव	3500–10000 + ग्रेड वेतन 1100	15	05	01	07	02

श्रेणी एवं वर्गवार आरक्षण :–

क्र.	वर्ग	पद संख्या				योग
		मुक्त	महिला	निःशक्त	भू.पू.सै.	
1	अनारक्षित	04	01	0	0	05
2	अनुसूचित जाति	01	0	0	0	01
3	अनुसूचित जनजाति	04	02	01	0	07
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	02	0	0	0	02
योग		**11**	**03**	**01**	**0**	**15**

मु.=मुक्त, म.=महिला, भू.पू.सै.=भूतपूर्व सैनिक

टीप :–

(1) विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है। जिसके लिए कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

(2) विज्ञापित पदों पर भर्ती हेतु भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांगजन व विविध प्रवर्गों – अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग (क्रीमिलियर को छोड़कर) के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग छ0ग0 द्वारा जारी समय–समय पर निर्धारित व जारी किए आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट संबंधी निर्देशों, नियमों व शर्तों का पालन किया गया है।

1. **शैक्षणिक योग्यता –**

(i) ग्राम पंचायत सचिव की नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण होगी।

(ii) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर / प्रोगामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा।

2. **स्थानीय निवासी –**

(i) आवेदक को मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले का स्थाई मूल निवासी होना आवश्यक है। इस संबंध में सक्षम राजस्व अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे।

क्रमशः 02

3. **आयु सीमा –**

(i) विज्ञापन जारी तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, परन्तु छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3–2/2015/1–3 नवा रायपुर, दिनांक 18.01.2024 में दिए गए निर्देश के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगारों के हित को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की छूट होगी।

(ii) छत्तीसगढ़ के अन्य विशेष वर्ग जैसे–अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन आदि के लिये अधिकतम आयु सीमा में जो छूट है, वे लागू रहेगी किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(iii) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक RULE/644/2025-GAD-3 नवा रायपुर, दिनांक 16.09.2026 में दिए गए निर्देश के अनुसार शासन के अधीन शासकीय सेवा में कार्यरत शासकीय सेवक, निगम/मंडल, संविदाकर्मी व नगर सैनिकों के कर्मचारियों द्वारा अन्य सेवाओं के लिए आवेदन किए जाने हेतु अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष के स्थान पर 45 वर्ष निर्धारित की गई है, इनको पूर्व में की गई सेवाओं का, आयु संबंधी कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा।

(iv) उपरोक्त संवर्गों के किसी एक या एक से अधिक आधार पर छूट प्राप्त करने के उपरांत, शासकीय सेवा में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(v) उपरोक्त के अतिरिक्त आयु सीमा के संबंध में, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

4. **आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देश :–**

(i) आवेदन पत्र जिला पंचायत कोरिया द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक अर्हता तथा योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर के वेबसाईट www.manendragarh-chirmiri-bharatpur.cg.gov.in, जिला पंचायत कोरिया व जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर के सूचना पटल, जिले के जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

(ii) अपूर्ण रूप से भरे गए या बिना सहपत्रों के आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा एवं उस पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(iii) आवेदन पत्र में असत्य जानकारी देने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। साथ ही नियमानुसार आवेदक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

(iv) लिफाफे के ऊपर **"पद का नाम – ग्राम पंचायत सचिव हेतु आवेदन पत्र"** स्पष्ट उल्लेख किया जावे।

(v) आवेदक को आवेदन पत्र के साथ, स्वयं के पत्र व्यवहार का पता लिखित व 55/– रू. की डाक टिकट लगा हुआ खाली लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(vi) आवेदन प्राप्ति के पश्चात् अभ्यर्थी को किसी प्रकार का त्रुटि सुधार हेतु अवसर प्रदाय नहीं किया जावेगा।

(vii) आरक्षित वर्ग के लिए पदों में भर्ती हेतु आवेदकों एवं उम्मीद्वारों का राज्य शासन द्वारा अधिसूचित समक्ष प्राधिकारी से जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

(viii) अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को गैर क्रिमीलेयर होने का आय प्रमाण पत्र जो विगत 03 वर्ष के भीतर बना हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। (आय प्रमाण पत्र आवेदक के माता/पिता के नाम से बना हुआ मान्य होगा।)

(ix) निःशक्तजन उम्मीद्वारों की निःशक्तता प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।

(x) रोजगार सहायकों के अनुभव हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। साथ ही रोजगार सहायक का नियुक्ति पत्र संलग्न करना होगा।

(xi) किसी संस्था/कार्यालय में नियोजित आवेदक को नियोक्ता प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

क्रमशः 03

(xii) आवेदक को आवेदन करने की तिथि को जिला के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक होगा।

(xiii) आवेदन प्रारूप में उल्लेखित सभी प्रमाण पत्र छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर समक्ष अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए।

5. **आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि –**

(i) सभी आवश्यक सहपत्रों सहित पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 16.12.2026 को सायं 05:00 बजे तक आवश्यक रूप में प्राप्त हो जाने चाहिए। विलंब से प्राप्त आवेदन के लिए कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया उत्तरदायी नहीं होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे एवं आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझी जावेगी। इस संबंध में कोई भी पत्र व्यवहार/दावा मान्य नहीं होगा।

(ii) कार्यालय जिला पंचायत कोरिया में बिना पंजीकृत डाक के सीधी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

6. **चयन प्रक्रिया** – प्रमाण पत्र आदि के आधार पर आवेदकों की वरीयता (मेरिट) का निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा :–

(a)	हायर सेकण्डरी के अंको का अधिभार	– **50 प्रतिशत**
(b)	उच्चतर शैक्षणिक योग्यता अधिकतम	– **10 अंक (स्नातक–05 अंक/स्नातकोत्तर–05 अंक)**
(c)	कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको का अधिभार	– **25 प्रतिशत**
(d)	रोजगार सहायक पद पर कार्य करने का अनुभव का अधिभार	– **15 अंक (प्रत्येक वर्ष 03 अंक के मान से अधिकतम 05 वर्ष का अंक, एक वर्ष – न्यूनतम 09 माह का कार्यानुभव)**

7. मेरिट के आधार पर 01 पद के विरूद्ध 10 आवेदकों को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।
8. कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में 15 मिनट का अंग्रेजी टायपिंग एवं 15 मिनट का हिंदी टायपिंग कराया जायेगा।
9. **अन्य शर्तें** –

(i) नियुक्त ग्राम पंचायत सचिव छ.ग. पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 एवं छ.ग. पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 द्वारा शासित होंगे।

(ii) चयनित ग्राम पंचायत सचिव को तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किया जावेगा, जिसे 05 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। यदि ग्राम पंचायत सचिव का कार्य संतोषप्रद नहीं पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जावेगी।

(iii) ग्राम पंचायत सचिव का वेतनमान 3500–11000 ग्रेड वेतन 1100 रूपये पर नियमानुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ता देय होंगे।

(iv) पूर्व नियोजित किंतु किसी आरोप के आधार पर पदच्युत किए गए कर्मी/कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव पर नियुक्ति हेतु अपात्र होंगे। यदि अभ्यर्थी के विरूद्ध किसी प्रकार का आपराधिक प्रकरण किसी न्यायालय में विचाराधीन हो तो उसका विवरण अभ्यर्थी को शपथ पत्र में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। यदि इस संबंध में तथ्य छुपाया गया, पाये जाने पर उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

(v) ग्राम पंचायत सचिव के नियुक्ति के संबंध में विवाद के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया का निर्णय अंतिम होगा।

(vi) शासन के द्वारा समय–समय पर प्रसारित दिशा–निर्देश/नियम लागू होंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरिया

पृ. क्रमांक /1208/ जि.पंचा. / उ.सं.पंचा. / ग्रा.पं.स.भर्ती / 2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 27/11/2026

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महानदी भवन अटल नगर, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़, विकास भवन अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर, छ.ग. की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर जिला कोरिया की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. कलेक्टर, जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर को सूचनार्थ, कृपया प्रकाशित विज्ञापन को जिले के वेबसाईट में अपलोड कराते हुए, जिला पंचायत व समस्त जनपद पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा कर प्रकाशन पंचनामा अनिवार्यतः प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।
7. उप संचालक पंचायत, जिला कोरिया व मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. जिला रोजगार अधिकारी, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर को सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
9. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर को सूचनार्थ। कृपया जिले के वेबसाईट में विज्ञापन अपलोड करने हेतु अग्रेषित।
10. उप संचालक, जनसंपर्क, जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर की ओर दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ।
11. कार्यलयीन सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरिया

ग्राम पंचायत सचिव पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरिया

विषय :– **विज्ञापन क्रमांक ..... दिनांक ..... द्वारा विज्ञापित पदों में नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।**

(I) मूलभूत जानकारी

1. आवेदित पद का नाम : **ग्राम पंचायत सचिव**
2. आवेदक/आवेदिका का नाम **(हिन्दी में)** : .....

   (अंग्रेजी में केपिटल लेटर में) : .....
3. लिंग (पुरूष/महिला) : .....
4. पिता/पति का नाम **(हिन्दी में)** : .....

   (अंग्रेजी में केपिटल लेटर में) : .....
5. (अ) जन्म तिथि (अंको में) : .....

   (ब) शब्दों में : .....

   (प्रमाण हेतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
6. आयु **(विज्ञापन जारी दिनांक को)** : वर्ष ..... माह ..... दिन .....
7. जाति प्रवर्ग **(अजा/अजजा/अपिव/सामान्य)** उल्लेख करें : .....

   (आरक्षित वर्ग के उम्मीद्वार समक्ष अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
8. क्या आप मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के स्थानीय मूल निवासी हैं? हां/नहीं : .....

   (मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले का स्थाई मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

(II) संपर्क विवरण

1. **पत्र व्यवहार का पूर्ण पता** : .....
   : .....
   : .....
   : .....पिन .....
   : मोबाईल नंबर .....
2. **स्थायी पता** : .....
   : .....
   : .....
   : .....पिन .....
   : मोबाईल नंबर .....

(III) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरण :–

(क) रोजगार कार्यालय का नाम : .....

(ख) पंजीयन क्रमांक व दिनांक : .....

(IV) शैक्षणिक अर्हता एवं योग्यता :–

1. (शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

क्र.	परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि. का नाम	विषय	उत्तीर्ण होने का वर्ष	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत (%)	श्रेणी
1	हाई स्कूल						
2	हायर सेकण्डरी						
3	स्नातक						
4	स्नातकोत्तर						
5	एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रमाण पत्र						
6	अन्य अर्हता						

2. अनुभव प्रमाण पत्र नीचे उल्लेखित करें :–

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत रोजगार सहायक पद का अनुभव रखते हों, तो ही निम्न जानकारी देवें)

क्र.	कार्यरत पद का नाम	कार्यालय का नाम	वेतन (प्रतिमाह)	कार्यरत अवधि कब से कब तक

(नियोक्ता द्वारा जारी जावक क्रमांक सहित जारी अनुभव प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

(V) कार्यानुभव विवरण :–

(किसी संस्था/कार्यालय में नियोजित होने की स्थिति में निम्न जानकारी दी जावे, अन्यथा निरंक भरें।)

क्र.	कार्यालय/संस्था का नाम	धारित पद	से	तक

(नियोक्ता द्वारा जारी जावक क्रमांक सहित जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

(Vi) अन्य जानकारी

1. क्या आप दिव्यांग श्रेणी से हैं? हां/नहीं: .....

प्रकार : .....

प्रतिशत : .....

(टीप : जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

2. क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं? हां/नहीं : .....

यदि हां तो जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र क्रमांक .....

(प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

3. (अ) वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित) : .....

(ब) यदि आप विवाहित हैं तो विवाह की तिथि : .....

4. आवेदक द्वारा आवेदन में दसवीं / बारहवीं अंकसूची / स्नातक / स्नातकोत्तर अंकसूची / कम्प्यूटर उत्तीर्ण प्रमाण पत्र / स्थाई जाति प्रमाण पत्र / निवास प्रमाण पत्र / भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र यदि लागू हो तो / दिव्यांग प्रमाण पत्र / अनुभव प्रमाण पत्र / अनापत्ति प्रमाण पत्र / रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र जिस पद पर आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न करते हुए विवरण दें :–

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची **(स्वप्रमाणित किया गया)**

1. ..... 2. .....
3. ..... 4. .....
5. ..... 6. .....
7. ..... 8. .....
9. ..... 10. .....
11. ..... 12. .....

स्थान : .....
दिनांक : .....

आवेदक का हस्ताक्षर
आवेदक का नाम .....

घोषणा पत्र

मैं एतद द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि उपरोक्तानुसार दी गई संपूर्ण जानकारी मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य है। मैंने यह आवेदन संपूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझकर भरा है। विज्ञापन में दिये गये नियमों के अनुसार निर्धारित पद पर आवेदन की पात्रता है, जिसे आवश्यकतानुसार होने पर प्रमाणित करने की संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य या अपूर्ण पायी जाती है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिए बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है, एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

स्थान : .....
दिनांक : .....

आवेदक का हस्ताक्षर
आवेदक का नाम .....